हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 18 सितंबर 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 विश्वकर्मा जयंती पर नगर में निकाला...



07 सिरोंज पहुंचे पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



खबर संक्षेप

शुल्क के विरोध में व्यापार महासंघ आज देगा ज्ञापन

विदिशा। व्यापारियों पर 2 हजार रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 0.4% शुल्क लगाए जाने के विरोध में व्यापार महासंघ आज शुक्रवार सुबह 11 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। महासंघ ने नापतोल अधिनियम के तहत फीस में की गई वृद्धि और पेनल्टी को 2500 रुपए से बढ़ाकर 1 लाख रुपए किए जाने पर भी आपत्ति जताई है। इसके अलावा सोने की हॉलमार्किंग फीस 45 रुपए से बढ़ाकर 75 रुपए किए जाने का भी विरोध किया जाएगा। महासंघ ने कहा कि इन शुल्क एवं फीस वृद्धि से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। इन मुद्दों को लेकर व्यापारी कलेक्टर के माध्यम से शासन तक अपनी मांग पहुंचाएंगे।

ऑनलाइन मिलेगी भुगतान की जानकारी

विदिशा। लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को अब भुगतान की जानकारी ऑनलाइन प्रोफाइल के माध्यम से मिल सकेगी। आधिकारिक पोर्टल पर लाड़ली पंजीयन क्रमांक और ओटीपी के जरिए बालिका की प्रोफाइल खोलकर योजना के तहत हुए भुगतानों के साथ लंबित राशि की स्थिति भी देखी जा सकेगी। बालिका, माता-पिता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर यह जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

खरीफ फसल के लिए 10 तक होंगे पंजीयन

विदिशा। खरीफ के सीजन में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा बेचने के लिए किसान पंजीयन 15 सितंबर से शुरू हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। जिले में 14 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं, जहां सभी कार्य दिवसों में पंजीयन की सुविधा रहेगी। किसान मोबाइल से स्वयं निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। ग्राम पंचायत सुविधा केंद्रों पर भी निशुल्क पंजीयन होगा। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन, सीएससी और लोकसेवा केंद्रों पर अधिकतम 50 रुपए शुल्क देकर पंजीयन कराया जा सकेगा।

द्वारिकाधीश मंदिर में 12 बजे होगी जन्म आरती

विदिशा। किले के अंदर स्थित भगवान द्वारिकाधीश मंदिर में 19 सितंबर को राधाष्टमी महोत्सव परंपरागत विधि-विधान से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राधारानी का दिव्य एवं भव्य श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक झांकी भी सजाई जाएगी। मंदिर के मुखिया पं. गिरिजेश मिश्रा ने बताया कि विद्युत सज्जा भी की गई है। सुबह 11.30 बजे राधारानी का अभिषेक और दोपहर 12 बजे जन्म आरती होगी। शाम 7 बजे दधीखाना महोत्सव में भक्तों को फल, मिठाई और खिलौने वितरित किए जाएंगे।

छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए कराया पंजीयन



नटेरन। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होंगे। छात्रों की आवाज और उनके हक-अधिकार को लेकर नटेरन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शासकीय महाविद्यालय और आईटीआई कैंपस पहुंचकर छात्रों का पंजीयन कराया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद शर्मा ने छात्रों से अपील की कि वे अपने मित्रों और गांवों के अन्य छात्रों को कार्यक्रम से जोड़ते हुए पंजीयन कराएं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चेतन विक्रम सिंह, रमेश तिवारी, अनुज यादव, रामसेवक रघुवंशी, रामस्वरूप जाटव, ओम प्रकाश जाटव, जगदीश धाकड़, प्रवेश कुशवाह सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

मांगें और घोषणाएं पूरी करवाने मुख्यमंत्री से मिले विधायक शर्मा, सड़कों के लिए रखी मांग

एनएच-752बी को फोरलेन करने, भोपाल-गुना मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का आग्रह, आनंदपुर को तहसील बनाने और कॉलेज की घोषणा पूरी करने की भी मांग

सड़कों के निर्माण और सीएम मोहन यादव द्वारा की गई घोषणाओं को याद दिलाने सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की और अपनी मांगे रखीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज/लटेरी

सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के विकास और सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े मुद्दों को लेकर विधायक उमाकांत शर्मा ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की।

विधायक ने क्षेत्र की विभिन्न मांगों और विकास कार्यों से संबंधित पत्र मुख्यमंत्री को सौंपे। विधायक ने ब्यावरा-मधुसूदनगढ़-लटेरी-सिरोंज राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-752बी को पथरिया-मेहलुआ तक विस्तारित कर फोरलेन उन्नयन कराने की मांग रखी। इसके अलावा मालथौन-बीना-कुरवाई-मेहलुआ चौराहा प्रस्तावित फोरलेन मार्ग का विस्तार सिरोंज तक करने का आग्रह किया।

उन्होंने गुना-आरोन-सिरोंज-महानीम चौराहा-बैरसिया-भोपाल मार्ग के पुनर्निर्माण के साथ इसे राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग भी रखी। विधायक ने कहा कि इन मार्गों के निर्माण और उन्नयन से सिरोंज-लटेरी क्षेत्र का भोपाल, बीना, गुना और ब्यावरा सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों से सड़क संपर्क बेहतर होगा। इसका लाभ किसानों, व्यापारियों और आम यात्रियों को मिलेगा। मुलाकात के दौरान आनंदपुर को तहसील का दर्जा देने और वहां शासकीय महाविद्यालय की घोषणा को अमल में लाने की मांग भी रखी गई। इस संबंध में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश यादव और वर्तमान मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा के साथ ज्ञापन सौंपा गया। विधायक ने सड़क परियोजनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सहित लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद लता वानखेड़े और संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी पत्र भेजे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत विषयों को सुनते हुए संबंधित विभागों से आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।



विदिशा। मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री मोहन यादव को जानकारी देते हुए विधायक।

- कॉलेज निर्माण की घोषणा को अमल में लाने ज्ञापन भी सौंपा।

---

8 स्वास्थ्य संस्थाओं में लगे शिविर, गर्भवती महिलाओं की जांच पर रहा फोकस

सेवा संकल्प अभियानः 138 यूनिट रक्तदान हुआ 4 हजार 768 मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर लगाए गए।

अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय विदिशा ब्लड बैंक, मेडिकल कॉलेज, सिविल अस्पताल बासौदा व सिरोंज तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर, लटेरी, कुरवाई और नटेरन में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर हुए। आठ शिविरों में कुल 138 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इसमें 62 यूनिट मेडिकल कॉलेज और 76 यूनिट जिला चिकित्सालय में संग्रहित किया गया।

स्वास्थ्य शिविरों में 4768 मरीजों की ओपीडी दर्ज हुई। गर्भवती महिलाओं की जांच और उपचार पर विशेष ध्यान दिया गया। 702 गर्भवती महिलाओं की एचबी जांच हुई। इनमें 63 हाई रिस्क व मॉडरेट एनीमिया वाली महिलाओं को आयरन सुक्रोज दिया गया, जबकि 73 हाई रिस्क पीआईएच मामलों का प्रबंधन किया गया। 13 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया गया। दो सीवियर एनीमिया मामलों का उपचार किया गया और एक महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन दिया गया। शिविरों में 517 एनसीडी स्क्रीनिंग भी की गई। चार बच्चों का टीकाकरण, दो बच्चों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन और दो कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया गया। इसके अलावा 340 बुखार, 71 उल्टी-दस्त, 38 कुत्ते के काटने और एक सर्पदंश के मरीजों का उपचार किया गया। अभियान का उद्देश्य समय पर बीमारी की पहचान, उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना है।



विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ पर बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर दीप जलाए गए।

माला देवी मंदिर में नहीं जला पाए दीप, पुरातत्व विभाग की अनुमति न मिलने से बदला स्थान

ग्यारसपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्यारसपुर के ऐतिहासिक माला देवी मंदिर परिसर में प्रस्तावित दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम ऐन वक्त पर नहीं हो सका। खंड स्तरीय अधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली थीं। जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम शुरू होने से कुछ समय पहले पुरातत्व विभाग की ओर से ऐतिहासिक स्थल परिसर में आयोजन की अनुमति नहीं मिलने की जानकारी दी गई। बताया गया कि पुरातत्व विभाग के अधिकारी ने परिसर में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद अधिकारियों और आयोजकों को तत्काल कार्यक्रम के लिए दूसरे स्थान का चयन करना पड़ा। माला देवी मंदिर परिसर में तैयारियां पूरी होने के बावजूद दीप प्रज्ज्वलन नहीं हो सका। ऐन वक्त पर स्थान बदले जाने को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के बीच भी चर्चा बनी रही।

विद्यालय परिसर में रोपे 25 पौधे, संरक्षण का लिया संकल्प



सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर को वृत्त पुरा द्वितीय, बीट लखुली के ग्राम बरखेड़ा गंभीर स्थित शासकीय हाई स्कूल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में फलदार एवं उपयोगी प्रजातियों के 25 पौधे रोपे गए। इनमें आंवला, नीम, अमरूद, आम और बेलपत्र के पौधे शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर एक पौधा आज, हरित भविष्य कल का संदेश दिया गया। इसके अलावा जिलेभर में दीप प्रज्जवलन के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ पर दीप जलाने के लिए हर पंचायत को तीन हजार दीप खरीदकर जलाने का लक्ष्य दिया गया था। जिले में करीब दो लाख 94 हजार दीप जलाने का लक्ष्य था।

सड़क पर उतरे आरटीओ वर्मा वाहन चालकों की सांसें फूलीं

14 वाहनों पर चालानी कार्रवाई, यात्री एवं स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों की विशेष जांच, दो वाहन जब्त किए



विदिशा। जांच करते हुए आरटीओ वर्मा।

- नियम विरुद्ध चल रहे वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने गुरुवार को शहर सहित सागर रोड पर वाहनों की जांच की। उन्हे देख वाहन चालकों की सांसे फूल गईं। कार्रवाई के दौरान वाहनों के दस्तावेजों एवं निर्धारित नियमों के पालन की जांच की गई।

जांच के दौरान 14 वाहन नियम विरुद्ध संचालित होते पाए गए, जिनके विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। इनमें से 12 वाहनों से कुल 45 हजार रुपए का शुल्क वसूल किया गया। वहीं शेष दो वाहनों को प्रकरण के निराकरण की प्रत्याशा में जब्त कर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में रखा गया है। कार्रवाई के दौरान परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों एवं स्कूल बसों की विशेष रूप से जांच की गई। इन वाहनों में यात्रियों एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा से संबंधित निर्धारित मानकों, आवश्यक दस्तावेजों तथा अन्य परिवहन नियमों के पालन की स्थिति का परीक्षण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में वाहनों की जांच की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। विशेष रूप से यात्री एवं स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों के पालन पर विभाग द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है।



यातायात पुलिस भी सड़कों परः स्कूली वाहनों की जांच में 92 पर कार्रवाई, 51 हजार जुर्माना वसूला

मिशन सुरक्षित बचपनः ऑटो, वैन की जांचः क्षमता से अधिक बच्चे बैठे मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मिशन सुरक्षित बचपन, सुरक्षित सड़क के तहत यातायात पुलिस के साथ कोतवाली, सिविल लाइन के अमले ने स्कूल वाहन ऑटो, वैन और अन्य वाहनों की जांच की।

जांच के दौरान वाहनों की निर्धारित क्षमता, फिटनेस, परमिट, बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस समेत जरूरी दस्तावेज देखे गए। बच्चों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा जाली, गेट और अन्य उपकरणों की भी जांच की गई। कमियां मिलने पर 92 वाहनों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए 51 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय गुटखा, तंबाकू या नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने की हिदायत भी दी गई। इस दौरान राह-वीर, कैशलेस उपचार और हिट एंड रन प्रतिकर योजना की जानकारी दी। वाहन चालकों को सुरक्षा मानकों की नियमित जांच कराने की समझाइश दी।



विहिप के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार हुई

विदिशा। विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक मधुकर भवन संघ कार्यालय अरिहंत विहार में हुई। बैठक में प्रांत सह मंत्री मलखान सिंह राजपूत एवं विभाग पालक व प्रांत कोषाध्यक्ष विजय जैन का मार्गदर्शन मिला। विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस पर ग्राम, मोहल्ला और खंड समिति स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई। श्रद्धेय अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। प्रत्येक समिति में सत्संग प्रारंभ करने, भोपाल में संत मार्गदर्शक सम्मेलन, बजरंग दल, मातृशक्ति व दुर्गावाहिनी की प्रांत बैठक सहित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में विभाग व जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

वन विकास निगम ने 45 हेक्टेयर वन भूमि से हटाया अतिक्रमण, सरपंच प्रतिनिधि ने लगाए पक्षपात के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

वन परिक्षेत्र ग्यारसपुर के अंतर्गत वन विकास निगम ने ग्राम पंचायत कोलुआ धामनोद के ग्राम हिम्मतपुर में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की है।

प्रभारी डिप्टी रेंजर महेंद्र गौर के नेतृत्व में टीम करीब 45 हेक्टेयर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने में जुटी है। विभाग के अनुसार ग्यारसपुर क्षेत्र में करीब 400 हेक्टेयर वन भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी है, जिसमें से 148 हेक्टेयर भूमि पर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान हिम्मतपुर के भील आदिवासी परिवारों ने आरोप लगाया कि 10 से 12 परिवार लंबे समय से यहां रह रहे थे और कब्जे वाली जमीन पर मक्का, धान व उड़द की फसल लगाई थी। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें लिखित नोटिस नहीं दिया गया। आरोप है कि कुछ खेतों में ट्रैक्टर-कल्टीवेटर चलाकर खड़ी फसल नष्ट कर दी गई। पास के खेत में सोयाबीन की फसल पर दवा छिड़ककर नुकसान पहुंचाने का आरोप भी लगाया गया। सरपंच प्रतिनिधि गोविंद सिंह गुर्जर ने कार्रवाई में पक्षपात का आरोप लगाते हुए समान रूप से कार्रवाई की मांग की। वहीं महेंद्र गौर ने बताया कि संबंधित लोगों को पूर्व में अतिक्रमण हटाने की जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद कब्जे नहीं हटाए गए, जिसके बाद कार्रवाई की जा रही है।



लटेरी में निकाला भव्य चल समारोह

लटेरी। विश्वकर्मा पूजन दिवस के अवसर पर गुरुवार को विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य चल समारोह निकाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना, हवन और आरती से हुई। इसके बाद मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया और भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। चल समारोह का समापन मकसूदनगढ़ रोड स्थित गार्डन में भोजन प्रसादी वितरण के साथ हुआ। समिति अध्यक्ष छगनलाल विश्वकर्मा ने सभी सहयोगियों और समाजजनों का आभार जताया।

हिंदी दिवस पर महाराणा प्रताप कॉलेज में सजी संध्या

कवियों ने सुंदर रचनाओं से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रभात साहित्य परिषद भोपाल की जिला इकाई विदिशा के तत्वावधान में हिंदी दिवस पर महाराणा प्रताप कॉलेज में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद अध्यक्ष दिनेश मोहन श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन सचिव सत्येंद्र 'सत्यज' ने किया। शुभारंभ प्रदीप जैन 'पारस' द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। गोष्ठी में कवि लायन अरुण कुमार सोनी ने "बाहर-बाहर भटक रहे हम, छाया को अपनाने को। मृग तृष्णा के रेगिस्तान में, अपनी प्यास बुझाने को" पंक्तियों से आध्यात्मिक भाव प्रस्तुत किए। केएन शर्मा ने हिंदी के गौरव, कालूराम 'पथिक' ने सामाजिक चेतना और डॉ. शीलचंद पालीवाल ने पर्यावरण संरक्षण पर रचनाएं सुनाईं। युगल श्रीवास्तव सहित अन्य साहित्यकारों ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में दिवंगत जगदीश श्रीवास्तव व शशिप्रभा चावला को श्रद्धांजलि दी गई। अंत में दिनेश मोहन श्रीवास्तव ने आभार माना।



विश्वकर्मा पूजा पर सरकारी स्कूल के बच्चों को बांटे बैग

विदिशा। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर रायपुरा स्थित शासकीय स्कूल में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के जिला अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद करना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में धर्मेंद्र विश्वकर्मा, घनश्याम विश्वकर्मा, चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, अरुण विश्वकर्मा और सत्यनारायण विश्वकर्मा सहित विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे।

एचआईवी, टीबी और रक्तदान को लेकर छात्रों को किया जागरूक

विदिशा। सांई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेस में गुरुवार को जिला चिकित्सालय की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें परामर्शदाता ज्योति दुबे, आरती साहू, टीबी विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव और रक्त बैंक से संजय सोनी ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। विशेषज्ञों ने एचआईवी और टीबी के लक्षण, बचाव, रोकथाम, समय पर जांच तथा उपचार के बारे में बताया। साथ ही रक्त बैंक की कार्यप्रणाली और रक्तदान के महत्व की जानकारी दी। विद्यार्थियों को स्वयं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के साथ समाज में भी स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

खबर संक्षेप

कैबिनेट मंत्री से सौजन्य भेंट की



गंज बासौदा। मां कामाख्या देवी के उपासक एवं कथावाचक पंडित देवेंद्र भार्गव ने भोपाल में मध्य प्रदेश सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों के मध्य विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। भेंट के दौरान पंडित देवेंद्र भार्गव तथा विभाषा सिंह राजपूत ने कैबिनेट मंत्री राजपूत को खादी के कपड़े पर उकेरी गई उनकी एक बेहद खूबसूरत हस्तनिर्मित पेंटिंग तस्वीर उपहार स्वरूप भेंट की। स्थानीय कला और हस्तशिल्प की अद्भुत मिशाल पेश करती यह तस्वीर गंजबासौदा की प्रतिभाशाली आर्टिस्ट विभाषा सिंह राजपूत द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई है। कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने खादी कपड़े पर बनी इस आकर्षक और बारीक कलाकृति की तारीफ करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है और बासौदा की आर्टिस्ट विभाषा से कहा कि यह दिव्य कला आपको ईश्वर ने प्रदान की है। आप हमारे मध्यप्रदेश का गौरव हो। आपकी स्वदेशी और हाथ से बनी कला अतुलनीय है।

एसडीओपी कार्यालय का बनेगा नया भवन

गंजबासौदा। वर्षों पहले जनसहयोग से बनाए गए एसडीओपी कार्यालय के जर्जर और छोटा पड़ जाने के बाद अब नए भवन निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। नए एसडीओपी कार्यालय के लिए 38 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। मध्यप्रदेश पुलिस गृह निर्माण सोसायटी ने भवन का नक्शा और प्रस्ताव तैयार कर तकनीकी स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। तकनीकी स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। ज्ञात हो कि करीब एक साल पहले तत्कालीन एसडीओपी मनोज मिश्रा ने नए भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर भेजा था। कार्यालय वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। भवन की लंबाई 13.20 मीटर और चौड़ाई 7.90 मीटर होगी। इसमें एसडीओपी कक्ष, स्टाफ रूम, वेटिंग रूम, कॉन्फ्रेंस रूम, दो टॉयलेट और पोर्च की सुविधा रहेगी। भवन वर्तमान कार्यालय की तुलना में बड़ा और व्यवस्थित होगा। हालांकि पुलिस प्रांगण में नया भवन किस स्थान पर बनाया जाएगा, यह अभी तय नहीं है। इसकी लोकेशन एसपी द्वारा तय की जाएगी। स्थान तय होने के बाद निर्माण के लिए लेआउट दिया जाएगा। नए भवन निर्माण के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। निर्माण का प्रस्ताव तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजा जा चुका है। पुलिस विभाग के अनुसार नया एसडीओपी कार्यालय तैयार होने के बाद ही वर्तमान भवन को डिस्मेंटल किया जाएगा।

अधूरे निर्माण पर भड़के जनप्रतिनिधि, ठेकेदार को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर गुरुवार को जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। गुरुवार को नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र मीणा एवं सीएमओ अशोक वर्मा ने नगर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों का काफिला सबसे पहले क्लब पार्क पहुंचा, जहां 10 लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। निरीक्षण में पाया गया कि समय अवधि निकल जाने के बाद भी टंकी का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। इस पर जनप्रतिनिधियों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने मौके पर ही टंकी निर्माण करा रहे ठेकेदार को कड़े शब्दों में फटकार लगाते हुए कहा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कार्य में और देरी हुई तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अनुबंध निरस्त करने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है। उन्होंने कहा कि शहर में नागरिकों को पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आना चाहिए। अमृत योजना के तहत बन रही यह टंकी शहर की जल व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी जिम्मेदार होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। उधर, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि शहर की पेयजल व्यवस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय पर कार्य न करने पर ठेकेदार का अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ अशोक वर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अन्य वार्डों में चल रहे सीसी रोड, नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों की भी समीक्षा की गई है। सभी ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी गई है।

संतान की सुख समृद्धि के लिए महिलाओं ने रखा व्रत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में महिलाओं द्वारा संतान सप्तमी का व्रत रखकर पूजन की गई। इस मौके पर अधरझारे की दातून करने के साथ ही विधि विधान से पूजन अर्चन की गई। ज्ञात हो कि संतान सप्तमी का व्रत संतान की प्राप्ति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए रखा जाता है। यह व्रत प्रतिवर्ष भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को किया जाता है। इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और भगवान शिव व देवी पार्वती की पूजा करती हैं। पुए का भोग लगाती हैं और पुए भोजन के रुप में ग्रहण करती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने के साथ-साथ संतान सप्तमी की कथा का पाठ करना या सुनना चाहिए, क्योंकि यह अनुष्ठान का अहम हिस्सा है। कथा श्रवण करने के साथ ही व्रत पूर्ण होता है।

चल समारोह में भगवान विश्वकर्मा की झांकी रही आकर्षण का केन्द्र

विश्वकर्मा जयंती पर नगर में निकाला गया भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा







जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस पर विश्वकर्मा समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया। गुरुवार को बरेठ रोड स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर सुबह से पूजन अभिषेक का कार्यक्रम शुरू हुआ जो दोपहर तक चला। शाम के समय नगर में चल समारोह निकाला गया। जिसमें शहर सहित आसपास से आए सैकड़ों समाज बंधु भगवान विश्वकर्मा जी के पूजन में शामिल हुए। दोपहर में चल समारोह निकाला गया।

चल समारोह में भगवान विश्वकर्मा जी की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। चल समारोह में दो युवक घोड़े पर सवार होकर हाथ में धर्म ध्वज लेकर आगे चल रहे थे। चल समारोह का जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं डीजे पर गायक कलाकारों द्वारा गाए जा रहे भगवान के भजनों पर श्रद्धालु नाचते हुए चल रहे थे और साथ में अखाड़ा भी चल रहा था। अखाड़े में युवा हैरतअंगेज करतब दिखा रहे थे। चल समारोह मुख्य मार्ग से होते हुए बरेठ रोड, जयस्तंभ चौक, स्टेशन रोड, मील रोड, त्योंदा रोड होते हुए वापस विश्वकर्मा मंदिर पर पहुंचा। जहां समारोह का समापन हुआ एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर चल समारोह का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, संस्थाओं, राजनैतिक दलों, नागरिकों आदि ने स्वागत करते हुए चल समारोह में शामिल लोगों को जलपान कराया और भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारी। इस दौरान मील रोड पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी पुष्पवर्षा कर, जलपान कराकर और आरती उतारकर स्वागत किया। रात्रि में भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर भजनों का आयोजन भी किया गया।


थांगता में विद्या वैली के दो खिलाड़ी राज्य स्तर पर चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



संभाग स्तरीय थांगता खेल प्रतियोगिता में विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में विद्यालय के दो खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव हासिल किया। कोच साईं दांगी ने बताया कि बालिका वर्ग में कक्षा 12 की यशी जैन और बालक वर्ग में कक्षा 12 के राजा अहिरवार ने कड़े मुकाबलों के बीच बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। खिलाड़ियों की सफलता को विद्यालय की खेल गतिविधियों और नियमित अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है। राज्य स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। डायरेक्टर प्रणय जैन, पंकज जैन, सतेन्द्र राजपूत एवं अशोक जैन, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना तथा खेल शिक्षक साईं दांगी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि दोनों खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर विदिशा और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

वार्ड 15 में विराजे गजानन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के वार्ड नंबर 15 में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणपति बप्पा की झांकी लगाई गई है। समिति अध्यक्ष अभिषेक माजोनिया का कहना है करीब 5 वर्ष से किंग ऑफ मिर्जापुर के नाम से गणेश जी की झांकी लगाई जा रही है। झांकी में भजन संध्या, गरबा, डांडिया आदि का आयोजन होता है। जिसमें वार्डवासियों का सहयोग रहता है।

सिटी थाना पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



बुधवार को रात्रि के समय सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त लोगों की जांच-पड़ताल करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई से असामाजिक गतिविधियों में शामिल लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। थाना प्रभारी ने बताया कि नगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार गश्त एवं निगरानी की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। शहर थाना पुलिस द्वारा रात्रि कालीन भ्रमण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर शराब पीने वालों के विरुद्ध धारा 36(बी) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा संवेदनशील एवं सार्वजनिक स्थानों पर आबारा घूम रहे व्यक्तियों को समझाईश दी गई। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में नशे के कारोबार एवं इसमें लिप्त लोगों पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिससे की युवा नशे की गिरफ्त में न फंसे, युवाओं एवं नागरिकों को भी समय समय पर अभियान चलाकर जागरुक किया जा रहा है।

उत्तम मार्दव धर्म हमें विनम्रता सिखाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पर्यूषण पर्व के अवसर पर नगर के सभी जिनालयों में बड़ी संख्या में भक्तों का तांता लगा हुआ है। पर्यूषण पर्व पर दस लक्षण धर्म की विशेष पूजन की जाती है। पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की आराधना होती है। वार्ड नं 1 चंद्रप्रभु चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष अमित जैन ने बताया कि मंदिर में प्रातः 5 बजे से धार्मिक आयोजन होते हैं। जिसमें मंगलाष्टक, अभिषेक एवं नित्य पूजन की जाती है।

वहीं दस लक्षण पूजन के उपरान्त जिन सरस्वती पूजन और तत्त्वार्थ सूत्र ग्रंथ का वाचन किया जा रहा है। मंगल उद्बोधन में उत्तम मार्दव धर्म को समझाते हुए कहा कि समाधिस्थ मुनि श्री क्षमा सागर महाराज ने अपने प्रवचन में उत्तम मार्दव धर्म को बड़ी ही सरलता से समझाया। जिसमें बताया कि आज की दुनिया में सफलता, प्रतियोगिता और प्रदर्शन का दबाव इतना अधिक बढ़ गया है कि मनुष्य अपनी नम्रता और सहजता को खोता जा रहा है।

चारों ओर एक होड़ है आगे बढ़ने की, श्रेष्ठ दिखने की, और दूसरों को पीछे छोड़ देने की। लेकिन इस अंधी दौड़ में हम यह भूल गए हैं कि विनम्रता ही वह गुण है जो हमें भीतर से महान बनाता है।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर हुए अनेक आयोजन

रक्तदान व दीप प्रज्जवलित कर मनाया गया जन्मदिवस





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76 वां जन्मदिवस भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर रक्तदान एवं दीप प्रज्वलन सहित अनेक आयोजन कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की गई और सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर रेल्वे स्टेशन परिसर में भाजपा के प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने आकर्षक रंगोली सजाकर और दीप प्रज्वलित किए। इसके बाद नौलखी मंदिर में भी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर दीप प्रज्वलन कर उनकी दीर्घायु की कामना की गई। वहीं वार्ड क्रमांक 11 बूथ नंबर 58, 59 पर सेवा ही संकल्प शहर वाचनालय पोलिंग बूथ पर, नौलखी मंदिर में दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, संजू यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं वार्ड नंबर 9 सिंधी कॉलोनी पचमा बाईपास पर मोदीजी के जन्मदिन के अवसर पर दीप जलाए गए। दूसरी ओर ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय और ब्लड बैंक मेडिकल कॉलेज विदिशा के समन्वय से शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय गंजबासौदा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं ने रक्तदान किया। इन कार्यक्रमों में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मनोज यादव, रीतादेवी भावसार, अंशलेखा भावसार, रोहित भावसार, नीलम रघुवशी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे। ग्रामीण क्षेत्र में भी इसी तरह कार्यक्रम हुए।

विदिशा राजपूत समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष गोविंद सिंह का बासौदा में भव्य स्वागत, समाज की एकजुटता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति की एक स्थानीय बैठक बुधवार को दादजी प्लाजा में संपन्न हुई। इस दौरान विदिशा महाराणा प्रताप विकास समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत के प्रथम नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बासौदा राजपूत समिति के अध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह जादौन एवं महासचिव प्रमोद सिंह राजपूत के नेतृत्व में अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर व स्मृति पट्टिका भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया गया। देवेंद्र राजपूत मन्नू जी द्वारा अध्यक्ष गोविंद सिंह का साफा बांधकर सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह में विदिशा से पधारे विकास समिति के ट्रस्ट अध्यक्ष प्रदीप सिंह चंदेल (वर्धा), जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत, राजा साहब अनिरुद्ध प्रताप सिंह, क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजाराम राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष लोचन सिंह राजपूत, समाजसेवी यशवंत सिंह राजपूत और करणी सेना के पूर्व अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह सिकरवार का बासौदा समिति द्वारा विशेष सम्मान किया गया। संबोधन के दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष गोविंद सिंह राजपूत ने जिले के समस्त राजपूत सरदारों से एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने की बात कही। वहीं बासौदा समिति के अध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह ने जिला समिति के निर्णयों का पूर्ण समर्थन करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का आश्वासन दिया।

समाज के अन्य वक्ताओं ने गोविंद सिंह का अभिनंदन किया। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जगदीप सिंह, देवेंद्र सिंह मन्नूजी, अमान सिंह राजपूत, बसंत सिंह, संरक्षक सीबी सिंह गौतम, मुकेश सिंह, विनोद राठौर, जगदीश सिंह, किशोर सिसोदिया, शैलेंद्र राठौड़, राजवीर राठौर, किशोर भदौरिया, अखिलेश सिंह, रणजीत सिंह, वीर बहादुर सिंह, संतोष सिंह, शैलेंद्र सिंह, धर्मेंद्र राजपूत, विशाल सिंह, राजू राजपूत, सतनाम सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बासौदा जिला विदिशा

पक्षकारों की अपील की तारीख पेशी एवं स्थान की सूचना

प्रकरण क्रमांक 0111/अपील/2026-27
बासौदा दिनांक 16.09.2026

01. श्री रविकांत पिता शिवनारायण शर्मा निवासी ग्राम ककरावदा तहसील बासौदा .....अपीलांट

बनाम

01. श्री शांतिबाई पुत्री दुर्गसिंह रघुवंशी
02.श्री लीलावाई पुत्री दुर्गसिंह रघुवंशी
03. श्री सीताराम पिता जगन्नाथ सेन निवासी ग्राम ककरावदा तहसील बासौदा
..... रेस्पाडेंट

- विज्ञप्ति -

एतद् जरिये रेस्पाडेंटो को सूचना दी जाती है कि अपीलांट श्री रविकांत पिता शिवनारायण शर्मा निवासी ग्राम ककरावदा की ओर से अधिवक्ता श्री मनोज रघुवंशी द्वारा न्यायालय तहसीलदार बासौदा के प्रकरण क्रमांक 0287/अ-27/2025-26 आदेश दिनांक 22.06.2026 ग्राम ककरावदा से असंतुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत की है। जो इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 0111/अपील/2026-27 पर दर्ज होकर विचाराधीन है। इस अपील की सुनबाई दिनांक 23.09 2026 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी बासौदा के न्यायालय में होगी। निर्धारित दिनांक को आप स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर मेरे समक्ष अपना पक्ष रख सकते है। अनुपस्थिति की दशा में अपील में एक पक्षीय निर्णय लिया जाऐगा। आज दिनांक 16.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

उपखण्ड अधिकारी
बासौदा, जिला विदिशा

दिवंगत कांग्रेस नेताओं के निवास पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

सिरोंज पहुंचे पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा,बसंत जैन,जिनेष जैन का सिरोंज आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। वहीं उन्होंने नगर के दिवंगत कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा दिवंगत कांग्रेस नेता स्व. बिरदी चंद्र जैन, स्व. राजेश सहेले एवं एडवोकेट अवध नारायण श्रीवास्तव के निवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत नेताओं के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने परिजनों से उनके हालचाल जाने और दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही। उनके सहज एवं आत्मीय व्यवहार से परिजनों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भावुकता का माहौल रहा।



कांग्रेस कार्यकर्ताओं में दिखी ऊर्जा

पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा के कांग्रेस नेता अवध शर्मा के निवास पर पहुंचने के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने उनके साथ विभिन्न राजनीतिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। लंबे समय बाद वरिष्ठ नेता से मुलाकात को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा दिखाई दी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रताप भानु शर्मा से कहा कि "दादा, आपको पुनः विदिशा जिले में कांग्रेस की कमान संभालनी पड़ेगी।" कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठन को आपके अनुभव और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। वरिष्ठ नेता के साथ कार्यकर्ताओं ने पुराने राजनीतिक अनुभवों को भी साझा किया और संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की। वहीं कार्यकर्ताओं की भावनाओं का जवाब देते हुए पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा ने कहा कि अब उनकी उम्र हो चुकी है, लेकिन कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ उनका जुड़ाव आज भी उतना ही मजबूत है। उन्होंने कहा कि "यदि कांग्रेस के किसी भी कार्यकर्ता को संघर्ष के समय मेरी जरूरत होगी और मुझे याद किया जाएगा, तो मैं उसके साथ खड़ा मिलूंगा।

शर्मा लड़ सकते हैं सिरोंज से चुनाव

पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा कांग्रेस के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। साथ ही उनका सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र से भी काफी गहरा नाता रहा है। क्षेत्र में कांग्रेस की गुटबाजी के बीच प्रताप भानु शर्मा के बड़ी संख्या में समर्थक और प्रशंसक भी हैं। वहीं कार्यकर्ताओं ने उनसे कहा कि यदि आप इस क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ते हैं तो इस सीट को कांग्रेस के खाते में जाने से कोई नहीं रोक पाएगा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस शासनकाल में शर्मा ने सिरोंज-लटेरी क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ आम नागरिकों की काफी मदद की है। साथ ही संघर्ष के समय वे हमेशा कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज भी आपकी टीम पूर्व की तरह संगठित है।

कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनने का किया दावा

प्रताप भानु शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में आम नागरिक, व्यापारी, कर्मचारी, युवा वर्ग और किसान सहित समाज के विभिन्न वर्ग परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों के कारण पूरे देश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन रहा है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने और उनकी आवाज को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। पूर्व सांसद के सिरोंज आगमन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात कर संगठन को लेकर अपने विचार रखे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है।

नीति आयोग की सदस्य अर्चना जैन ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर की चर्चा

अंतरराष्ट्रीय जैन पत्रकार महासम्मेलन में शामिल होने किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



भारत सरकार नीति आयोग की सदस्य एवं ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) की संरक्षक अर्चना जैन ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक विषयों के साथ जैन धर्म, जैन साधु-संतों की सुरक्षा तथा जैन तीर्थ क्षेत्रों की रक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान अर्चना जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जैन समाज से जुड़े विभिन्न विषयों और जैन धर्मावलंबियों की अपेक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से जैन साधु-संतों के विहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, प्राचीन जैन तीर्थ क्षेत्रों के संरक्षण तथा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जैन धर्म की अहिंसा, करुणा और जीव दया की भावना समाज को सदैव सकारात्मक दिशा प्रदान करती रही है, इसलिए जैन धर्म से जुड़े तीर्थों और धार्मिक स्थलों के संरक्षण की दिशा में भी प्रभावी प्रयास आवश्यक हैं।

पत्रकार महासम्मेलन के लिए किया आमंत्रित

इस अवसर पर श्रीमती अर्चना जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इंदौर में मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के सान्निध्य में ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) द्वारा आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय जैन पत्रकार महासम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में देश-विदेश से जैन पत्रकारों एवं मीडिया से जुड़े प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन के माध्यम से जैन धर्म, संस्कृति, तीर्थ संरक्षण, साधु-संतों की सुरक्षा तथा समाज में पत्रकारिता की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीमती अर्चना जैन द्वारा दिए गए आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने की बात कही। मुख्यमंत्री की सहमति से आईजा के पदाधिकारियों एवं जैन समाज में भी उत्साह का माहौल है। साथ ही मुलाकात के दौरान दया भावना फाउंडेशन से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। श्रीमती अर्चना जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को फाउंडेशन की गतिविधियों एवं सेवा कार्यों से अवगत कराया तथा उनसे दया भावना फाउंडेशन के दर्शन करने का आग्रह किया। इस दौरान फाउंडेशन के माध्यम से किए जा रहे सेवा, जीव दया एवं सामाजिक कार्यों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। मुलाकात के दौरान जैन समाज से जुड़े धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। श्रीमती अर्चना जैन ने मुख्यमंत्री द्वारा जैन धर्म, साधु-संतों एवं तीर्थ क्षेत्रों से जुड़े विषयों पर गंभीरता से चर्चा किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया।

पहली बार दधीचि जयंती और गणेश उत्सव पर होगा 'आज के दधीचियों' का सम्मान

अंगदान-देहदान करने वाले परिवारों व जीवन बचाने वाले चिकित्सकों को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



महर्षि दधीचि के महान त्याग को नमन करते हुए गणेश उत्सव एवं दधीचि जयंती के अवसर पर किरण फाउंडेशन द्वारा 19 सितंबर 2026 को विशेष अंगदान जागरूकता एवं सम्मान समारोह 'रहे न रहे हम 2.0' का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर किरण फाउंडेशन के सचिव डॉ राकेश भार्गव ने जानकारी देते हुए कार्यक्रम में अंगदान एवं देहदान करने वाले परिवारों, समर्पित चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सहयोगी संस्थाओं तथा अंगदान का संकल्प लेने वाले संकल्पकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। फाउंडेशन द्वारा अंगदाता परिवारों को 'आज के दधीचि सम्मान' तथा अंगदान के माध्यम से जीवन बचाने वाले चिकित्सकों को 'देवदूत-जीवन संरक्षक सम्मान' प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और मानवता के इस महान संकल्प के लिए लोगों को प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहेंगे। वे अंगदाता परिवारों एवं समाज को अंगदान के लिए प्रेरित करते हुए अपना संदेश देंगे। कार्यक्रम में गणेश जी के सिर के प्रत्यारोपण को लेकर धार्मिक मान्यता तथा महर्षि दधीचि के त्याग को अंगदान की प्रेरणा के रूप में भी प्रस्तुत किया जाएगा।


राष्ट्रीय अभियंता दिवस पर साटी में नवाचार और उद्यमिता की झलक

300 विद्यार्थियों ने मॉडल और पोस्टर के माध्यम से तकनीकी समाधान किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसएटीआई में राष्ट्रीय अभियंता दिवस के अवसर पर 'पैरेथॉनः उद्यम प्रधान श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नवाचार, उद्यमिता और रचनात्मक सोच से जुड़े विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के अंतर्गत मॉडल प्रदर्शनी और पोस्टर प्रस्तुति के लिए 25-25 दलों ने पंजीयन कराया। प्रत्येक दल में छह विद्यार्थी शामिल रहे। इस तरह कुल 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के स्मार्ट कक्ष में हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. वाय. के. जैन मुख्य अतिथि रहे। शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. आलोक जैन, अनुसंधान एवं विकास अधिष्ठाता डॉ. जितेंद्र पाराशर, प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रमुख डॉ. आलोक दातार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील जोशी,



कार्यक्रम संयोजक एवं संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. कनक सक्सेना, सह-संयोजक डॉ. दिव्य ऋषि साहू सहित शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सह-संयोजक डॉ. साहू ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के कार्यक्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए। इसका उद्देश्य नवाचार, उद्यमिता, रचनात्मक सोच और नए व्यवसाय की संस्कृति को बढ़ावा देना है। संयोजक डॉ. सक्सेना ने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अत्यधिक निर्भरता से बचते हुए अपनी क्षमताओं के विकास के लिए प्रेरित किया। निदेशक ने कार्यक्रम की नई सोच की सराहना की।

सेवा संकल्प अभियान के प्रथम दिवस रक्तदान शिविर आयोजित


प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर 32 यूनिट रक्त का हुआ संग्रहण



सिरोंज। सेवा संकल्प अभियान के प्रथम दिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय राजीव गांधी स्मृति चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी ओम नारायण बड़कुल एवं विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज पंथी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर में कुल 32 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। आयोजकों ने रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए लोगों से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील की। शिविर के दौरान चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने रक्तदाताओं की आवश्यक जांच एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

प्राकट्य महोत्सव पर भजन संध्या, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल होंगे मुख्य अतिथि

राधा अष्टमी पर श्रीजी मंदिर में गूंजेंगे राधा-कृष्ण के भजन



बरेली। शनिवार 19 सितंबर को राधा अष्टमी के पावन अवसर पर नगर के चौधरी चौक स्थित प्राचीन श्रीजी मंदिर में श्री राधा रानी कीर्तन मंडल द्वारा श्री राधा रानी प्राकट्य महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी करेंगे। श्री राधा रानी कीर्तन मंडल के संयोजक पं. विपिन व्यास ने बताया कि भजन संध्या में मां कृष्णा जागरण ग्रुप, विदिशा द्वारा भजनों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें सौरभ शर्मा, बबीता किरार, विजय कुशवाहा सहित अन्य कलाकार श्री राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत सुंदर भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। राधा अष्टमी के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर श्री राधा रानी कीर्तन मंडल द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। पं. विपिन व्यास एवं कीर्तन मंडल के सभी सदस्यों ने नगरवासियों और श्रद्धालुओं से शनिवार 19 सितंबर को रात्रि 8 बजे प्राचीन श्रीजी मंदिर, चौधरी चौक पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होने एवं धर्मलाभ लेने की अपील की है।

पीएम मोदी के जन्म दिवस पर नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया श्रमदान

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर गुरुवार को नगर में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न मार्गों पर पहुंचकर साफ-सफाई की और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर फैले कचरे को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर लोगों से अपील की गई कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को साफ रखें, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।अभियान के माध्यम से "स्वच्छता में सहभागिता, स्वच्छ भारत-विकसित भारत" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनभागीदारी से ही स्वच्छ और विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान (जिसे स्वच्छता ही सेवा 2026 के रूप में भी संचालित किया जा रहा है) के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान 2026 का अत्यधिक ऐतिहासिक और रणनीतिक महत्व है। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक पूरे देश में एक जन-आंदोलन के रूप में चलाया जा रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा की 25वीं वर्षगांठ को भी समर्पित है। उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिशंकर वर्मा ने कहा कि कचरा प्रबंधन और सर्कुलर इकोनॉमी पर जोर2026 के इस अभियान में केवल सतह की सफाई पर ही ध्यान नहीं दिया जा रहा है, बल्कि नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। एल्डरमैन हिमकर उपाध्याय द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

सेवा और सम्मान से बढ़कर कोई उपहार नहीं, बुजुर्गों को कराया भोजन

पीएम मोदी के जन्मदिवस पर साहू समाज का सेवा संकल्प



बरेली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर साहू समाज द्वारा जन्मदिन उत्साह, उमंग और सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर साहू समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने सेवा कार्य करते हुए टीम पहल वृद्ध आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गों को भोजन प्रसादी कराई। साहू समाज के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया और आत्मीयता के साथ उन्हें भोजन कराया। इस दौरान "सेवा ही संकल्प, बुजुर्गों का सम्मान ही संस्कार" का संदेश भी दिया गया। समाजजनों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेवा कार्यों के साथ-साथ बुजुर्गों के सम्मान और उनके कल्याण को विशेष महत्व दिया जाता है। प्रधानमंत्री के इन्हीं सेवा कार्यों और विचारों से प्रेरित होकर नगर साहू समाज द्वारा उनके जन्मदिवस को सेवा एवं बुजुर्गों के सम्मान के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। समाज के सदस्यों ने कहा कि "सेवा और सम्मान से बढ़कर कोई उपहार नहीं" और इसी भावना के साथ वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को भोजन प्रसादी कराकर उनके साथ जन्मदिन की खुशियां साझा की गईं। इस अवसर पर साहू समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं अन्य समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाजजनों ने सेवा, संस्कार और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

शिक्षकों-कर्मचारियों को महीनों से नहीं मिल रहा वेतन, प्राचार्य बोले...

प्राइवेट स्कूलों में समय से फीस जमा ना होने से बिगड़ रही आर्थिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर एवं क्षेत्र में लगभग 50 प्राइवेट स्कूलों का संचालन हो रहा है। अधिकांश प्राइवेट स्कूल समय पर बालकों द्वारा फीस जमा ना करने से फीस की राशि प्रतिवर्ष बकाया बढ़ते जाने से आर्थिक स्थिति और समस्याओं से जूझ रहे हैं। अधिकांश प्राइवेट स्कूल कक्षा 1 से 12वीं तक संचालित हो रहे हैं प्राइवेट स्कूलों में 15 से 20 हजार छात्र छात्राएं प्रतिदिन पढ़ाई करने पहुंचते हैं। अधिकांश स्कूलों में छात्रों को लाने घर वापस पहुंचाने वाहन सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।

बालकों में अच्छी पढ़ाई सीबीएसई पाठ्यक्रम अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिलाने का भारी उत्साह और चलन बना हुआ है। इसी कारण नगर और ग्रामीण क्षेत्र में भारी संख्या में प्राइवेट स्कूल संचालित हो रहे हैं। अपने बच्चों का अच्छा भविष्य बनाने बेहतर शिक्षा के लिए प्राइवेट स्कूलों में छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराया जाता है स्कूल की फीस जमा करने के प्रति पालक उदासीन बने रहते हैं। स्कूलों में पढ़ाई वाले 90% छात्र किसान मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। कृषि मुख्य व्यवसाय होने के कारण जब किसानों की फसल बिकती है तभी उनके पास राशि आती है।

बढ़ती जा रही बकाया राशि- प्राइवेट स्कूलों की आर्थिक स्थिति नियमित रूप से समय से फीस जमा न होने से बिगड़ रही है और आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उधारी फीस बढ़कर लाखों रुपए हो रही है। स्कूलों द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जाने की भी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। टेस्ट परीक्षा फीस जमा न होने के कारण आगे बढ़ाने की स्थिति भी बन रही है।

इनका कहना है...

पालकों द्वारा समय पर स्कूल की फीस राशि जमा न करने से कर्मचारियों को वेतन देना भी कठिन हो रहा है। पालक समय से स्कूल की जमा करें जिससे आर्थिक संकटों से जूझना ना पड़े।

अरुणेश मिश्रा, प्राचार्य मानिक लाल नाहर हायर सेकेंडरी बरेली

बिजली, सिंचाई, खाद समस्याओं पर भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बरेली क्षेत्र के किसानों के बीच सक्रिय भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी किसानों ने विभिन्न समस्याओं का ज्ञापन में उल्लेख करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए एसडीम अंकित जैन को ज्ञापन सोपा मुख्य रूप से फसल बीमा बिजली 10 घंटे दिए जाने 24 घंटे में बैंड खराब ट्रांसफर बदलने कृषि उत्पादों से जीएसटी समाप्त करने रासायनिक खाद की



उपलब्धता और ए टोकन वितरण व्यवस्था समाप्त करने की मांग की जिला स्तर पर किसानों की समस्याओं को हल करने किसान प्रतिनिधियों की समिति बनाने कृषि न्यायालय की स्थापना कृषि यंत्रों पर अनुदान बढ़ाने और कोटा बढ़ाने की शॉप पर ज्ञापन में मांग की गई पशुओं से फसलों के नुकसान रोकने किसानों को तार फेंसिंग पर अनुदान देने अधूरी पद सिंचाई योजनाएं पूर्ण करने और नेहरू की समय से मरम्मत साफ सफाई और निगरानी करने की मांग की 24 घंटे में बदलें ट्रांसफार्मर किसान संघ द्वारा शॉप पर ज्ञापन में राजस्व मंडी प्रकरणों के एवं समस्याओं की निराकरण शीघ्र करने किसानों को बिजली न मिलने की समस्या के समाधान के लिए ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर बदलने जेल खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे में बदलने सिंचाई के लिए घोषणा अनुसार 10 घंटे निर्वाण बिजली दिए जाने की मांग की भूमि अधिग्रहण में बाजार भाव से चार गुना मुआवजा राशि दिए जाने खेत सड़क योजना उन्हें शुरू करने की मांग की।

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कौलिंजा

पंजीयन क्र.- 462-10/12/1992 दिनांक 17/09/2026

वार्षिक आमसभा सूचना

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कौलिंजा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा दिनांक 29/09/26 को दिन मंगलवार समय दोपहर 1.00 बजे से स्थान समिति कार्यालय भवन कौलिंजा में आयोजित की गई है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

पूजा यादव
समिति प्रबंधक, बहु. प्राथ. कृषि साख सह. समिति मर्या. कौलिंजा

किशोर कुमार अहरवाल
प्रशासक, बहु. प्राथ. कृषि साख सह. समिति मर्या. कौलिंजा

न्यायालय अपर कलेक्टर जिला विदिशा (म.प्र.)

0009 / निगरानी/2026-27/876
दिनांक 16/09/2026

सुरतिया अहिरवार उर्फ सूरतसिंह पुत्र श्री बबरा अहिरवार, ग्राम सांकला तहसील सिरोंज जिला विदिशा, म.प्र.
.....निगरानीकर्ता

विरूद्ध

सतपाल सिंह पुत्र श्री कमल सिंह आदि ग्राम सांकला तहसील सिरोंज जिला विदिशा, म.प्र.
.....गैरनिगरानीकर्तागण

विज्ञप्ति (सूचना प्रकाशन)

एतद द्वारा गैरनिगरानीकर्तागण सतपालसिंह पुत्र कमलसिंह राजपूत, मोकमसिंह पुत्र मोहनसिंह राजपूत, मलखानसिंह पुत्र मोहनसिंह राजपूत, मोकम पुत्र नवलसिंह राजपूत, लल्लीराम उर्फ गुलाबसिंह राजपूत पुत्र गजराजसिंह, बाबूलाल पुत्र श्यामलाल राजपूत, अंशपालसिंह पुत्रं सौभाग्यसिंह राजपूत, प्रीतमसिंह राजपूत पुत्र मिश्रीलाल, लालसिंह पुत्र राजनसिंह, समरजीत सिंह पुत्र धीरजसिंह राजपूत, तुलाराम पुत्र धीरजसिंह, राजकुमारी पत्नी राकेश राजपूत, फूलबाई पत्नी भुगतसिंह राजपूत, मोहरसिंह पुत्र भुगंतसिंह राजपूत, रूपसिंह पुत्र सटरू राजपूत, वीरसिंह पुत्र प्राणसिंह पाल, जशोदा बाई पत्नी शिवराज राजपूत, फुलुआ पुत्र बबरा अहिवार, शिबुआ पुत्र बबरा अहिरवार निवासीगण ग्राम सांकला तहसील सिरोंज जिला विदिशा मप्र, सालकरम राजपूत पुत्र धीरजसिंह निवासी ग्राम अबुआढाना तहसील सिरोंज जिला विदिशा म.प्र., सकिया पुत्री श्री बबरा अहिरवार पत्नी श्री नरवेश निवासी ग्राम सांकला तहसील सिरोंज जिला विदिशा म.प्र. को सूचित किया जाता है कि, निगरानीकर्ता द्वारा उपखण्ड अधिकारी सिरोंज का प्रकरण क्रमांक 0185/अपील/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 10.02.2026 व मामले सुरतिया उर्फ सूरतसिंह पुत्र बबरा बनाम सत्यपालसिंह पुत्र कमलसिंह आदि ग्राम सांकला तहसील सिरोंज जिला विदिशा के विरुद्ध इस न्यायालय मे निगरानी प्रस्तुत की है। इस निगरानी प्रकरण की सुनवाई तारीख 30.09.2026 को न्यायालय अपर कलेक्टर, कक्ष क्रमांक 204, कंपोजिट भवन, स्वामी विवेकानंद चौराहा विदिशा पर होगी। निश्चित तारीख को गैर-निग. स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होवे। नियत तिथि पर अनुपस्थिति की दशा मे एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर से आज दिनांक 16/09/2026 को जारी किया गया।

अपर कलेक्टर जिला विदिशा (म.प्र.)

महामाया चौक पर जलाए सामूहिक दीप, दीपोत्सव सा दिखा नजारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरुवार शाम महामाया चौक स्थित दीनदयाल शॉपिंग कॉम्पलेक्स परिसर में सामूहिक दीप प्रज्ज्वलित किए गए। शाम करीब 7:30 बजे आयोजित आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने दीप जलाए। जगमगाते दीपों से पूरा दीनदयाल शॉपिंग कॉम्पलेक्स परिसर रोशन हो उठा और नजारा दीपोत्सव जैसा दिखाई दिया। सेवा-संकल्प अभियान-2026

पीएम मोदी के जन्मदिन और जनसेवा के 25 वर्ष बेमिसाल पूरे होने पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम



के तहत आयोजित कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी सहित भाजपा के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की, बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, ब्रजेश चतुर्वेदी, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष शरद पाराशर, राकेश तोमर, पार्षद देवेंद्र यादव, जगदीश अहिरवार आदि मौजूद रहे।

दीयों की रोशनी से जगमगाया चौक

कार्यक्रम के दौरान एक साथ जलाए गए हजारों दीपों से महामाया चौक और शॉपिंग कॉम्पलेक्स परिसर रोशनी से जगमगा उठा। बड़ी संख्या में लोगों के हाथों में जलते दीप नजर आए। सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन के दौरान उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने सेवा-संकल्प अभियान में भागीदारी का संकल्प लिया।

गणेश प्रतिमा विसर्जन चल समारोह से बदहाल सड़कों व झूलते तारों पर सवाल

भाजपा जिला कार्यालय के सामने गहरे गड्ढे सांची रोड-कलेक्ट्रेट मार्ग भी हो रहा बदहाल

कम ऊंचाई पर झूल रहे बिजली के तार और केबल, मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में इन दिनों गणेशोत्सव की धूम चल रही है। गणेश झांकियों के पंडालों में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन चल रहे हैं। आने वाले दिनों में अनंत चतुर्दशी पर श्री हिंदू उत्सव समिति के बैनर तले गणेश प्रतिमा विसर्जन चल समारोह भी निकलेगा। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ शहर की सड़कों से होकर गुजरेगी। लेकिन इससे पहले शहर की बदहाल सड़कें और कम ऊंचाई पर झूलते बिजली के तार जिम्मेदार विभागों की तैयारियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। त्योहारी सीजन में शहर की सड़कों पर भीड़ बढ़ने के बावजूद जगह-जगह गहरे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। बारिश के बाद इनकी स्थिति और खराब हो गई है। दोपहिया, तीन पहिया और मालवाहक वाहन चालकों को इन गड्ढों से निकलने में परेशानी हो रही है। ऐसे में प्रतिमा विसर्जन चल समारोह के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और झांकियों के बीच ये गड्ढे परेशानी बढ़ा सकते हैं।

शहर के भोपाल मार्ग पर जिला भाजपा कार्यालय के सामने सड़क की हालत जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार है, इसके बावजूद बीजेपी जिला कार्यालय के सामने सड़क पर





झूलते तारों के बीच से गुजरेंगी गणेश झांकियां

सिर्फ सड़कें ही नहीं, बिजली के तार और केबल भी गणेश प्रतिमा विसर्जन चल समारोह के दौरान चिंता का कारण बन सकते हैं। महामाया चौक, गंज बाजार, रामलीला मार्ग, श्रीरामलीला गेट, सागर-भोपाल तिराहा, भारत माता चौराहा, मालीपुरा, गवोईपुरा, नरापुरा, शिकारीपुरा और पाटनदेव सहित कई मार्गों पर कम ऊंचाई पर बिजली के तार और केबल झूल रहे हैं। दरअसल इन रास्तों से गणेश प्रतिमाओं की झांकियां और अन्य धार्मिक जुलूस गुजरते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कम ऊंचाई वाले तारों के कारण कई बार जुलूस के दौरान बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ती है। इससे दुकानदारों और रहवासियों को परेशानी होती है। शहर में कुछ स्थानों पर आड़े-तिरछे लगे बिजली के खंभे भी आवागमन में बाधा बन रहे हैं। **त्योहार से पहले व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत** गणेशोत्सव के साथ डोल ग्यारस और अन्य धार्मिक आयोजनों की दुर्गा प्रतिमाओं की शोभायात्राएं भी निकलनी हैं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका और बिजली कंपनी के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रमुख मार्गों को सुरक्षित और सुगम बनाने की है। सवाल यह है कि जब इन मार्गों से हजारों लोगों की भीड़ और बड़ी-बड़ी झांकियां गुजरेंगी तो गड्ढों और झूलते तारों के बीच प्रशासन की व्यवस्था कितनी सुरक्षित रहेगी।

गहरे गड्ढे बने हुए हैं। सागर-भोपाल स्टेट हाईवे से जुड़े इस मार्ग पर दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने सांची रोड के मुख्य मार्ग पर भी कई दिनों से बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं।

शहर के मुखर्जी नगर से पाटनदेव और चेकपोस्ट बैरियर तक सड़क के दोनों ओर जगह-जगह गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह भाजपा जिला कार्यालय से संजय नगर होते हुए भोपाल रोड पर जिला विपणन विभाग के खाद गोदाम तक सड़क पर दरगाह शरीफ मजार तक कई गहरे गड्ढे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद गड्ढों का आकार बढ़ गया है, लेकिन समय रहते पेंचवर्क नहीं कराया गया। मुखर्जी नगर गेट, मारुति नंदन मंदिर और पाटनदेव के आसपास भी सड़क के खराब हिस्से लोगों के लिए परेशानी बने हुए हैं।

इनका कहना है...

सड़कों के गड्ढों को भरने के लिए पैचवर्क कराया जाएगा, ताकि गणेश प्रतिमा विसर्जन चल समारोह में कोई बाधा खड़ी न हो।

वीके सूत्रकार, ईई, लोक निर्माण विभाग रायसेन

कम ऊंचाई पर झूलते तारों और केबलों को जल्द दुरुस्त कराया जाएगा। गणेश झांकी और चल समारोह के दौरान बिजली व्यवस्था बिजली खंभों पर ही सुनिश्चित की जाएगी।

- **प्रांजल शर्मा, सिटी जेई,** बिजली कंपनी रायसेन

कारीगरों ने औजारों और मशीनों की पूजा कर आस्था प्रकट की

भगवान विश्वकर्मा जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा, डीजे-बैंड की धुन पर थिरके लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरुवार को विश्वकर्मा समाज समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रामलीला मैदान स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर से शुरू हुई। यह शोभायात्रा श्रीरामलीला मैदान से भारत माता चौराहा होते हुए महामाया चौक, श्रीराम लीला गेट से सागर-भोपाल तिराहा होती हुई पाटनदेव विश्वकर्मा समाज धर्मशाला अवंतिका कॉलोनी वार्ड 13 पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग उत्साह और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा में आगे-आगे डीजे, फिर बैंड और उसके बाद गुरिल्ला डांस आकर्षण का केंद्र रहा। घोड़ा-बग्घी में भगवान विश्वकर्मा की बड़ी तस्वीर रखी गई थी। समाज के महिला-पुरुष एक जैसे लिबास और सिर पर पगड़ी पहने हुए थे। भगवान विश्वकर्मा के शहर के जयकारों से चौक-चौराहे गूंज उठे। डीजे, बैंडबाजों और ढोल-नगाड़ों के बीच निकली शोभायात्रा में जय बजरंग अखाड़ा के उस्ताद अशोक मांझी की मौजूदगी में पहलवानों ने हैरतअंगेज कारनामे पेश कर जनसमुदाय को आश्चर्यचकित कर दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं और व्यापारियों ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया।

शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण भगवान विश्वकर्मा की झांकी रही, जिसे सजे-धजे रथ पर विराजमान किया गया था। इस अवसर पर कारीगरों और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों ने अपने-अपने औजारों और मशीनों की विधिवत पूजा कर आस्था प्रकट की। शोभायात्रा में धनीराम विश्वकर्मा एडवोकेट, शिवचरण विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा, समाजसेवी गजराज सिंह विश्वकर्मा, शिवरतन, मुन्ना लाल दाऊ विश्वकर्मा, ज्योति विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा, रामकिशन विश्वकर्मा, जयेंद्र, समरथ विश्वकर्मा, सौदान सिंह विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा एडवोकेट, पायल विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली। समाज के वरिष्ठजनों ने इसे आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बताते हुए हर वर्ष इसी भावना के साथ मनाने का आह्वान किया।

बरसाए आस्था श्रद्धा के फूल

श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष रवि खत्री मित्र मंडली सहित श्रीराम परिसर के सामने सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा ब्रजेश चतुर्वेदी, अंशुल शर्मा शैलेंद्र शर्मा प्रदीप दीक्षित चंद्र कृष्ण रघुवंशी,जगदीश अहिरवार भगवान दास लोहट वगैरह ने भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा पर आस्था श्रद्धा के फूल बरसाकर किया जोरदार स्वागत।

संतान सप्तमी पर माताओं ने रखा व्रत, चांदी के चूड़े की पूजा कर भगवान शिव-पार्वती से मांगा संतान सुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भादों माह की सप्तमी तिथि पर गुरुवार को शहर सहित जिलेभर में संतान सप्तमी का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। संतान की खुशहाली, सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना को लेकर विवाहित महिलाओं ने विधि-विधान से व्रत रखा। महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूरी विधि विधान से पूजा-अर्चना कर संतान के अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने संतान सप्तमी की कथा भी सुनी। धर्मशास्त्री पं. ओमप्रकाश शुक्ला, राममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि संतान सप्तमी का व्रत धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। मान्यता के अनुसार इस दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले स्नान आदि से निवृत्त होकर घर के पवित्र स्थान पर चौक सजाती हैं। इसके बाद नारियल और आम के पत्तों से सुसज्जित कलश स्थापित कर भगवान शिव एवं माता पार्वती का रोली, कुमकुम और अक्षत से पूजन किया जाता है।



चांदी सोना के चूड़े की पूजा कर किया धारण व्रत के दौरान महिलाओं ने चांदी अथवा सोने से निर्मित चूड़े की भी विधि-विधान से पूजा की। चूड़े को दूध, दही और गंगाजल से पवित्र करने के बाद महिलाओं ने उसे हाथ में धारण किया। इसके बाद संतान सप्तमी की कथा सुनी गई। कथा के समापन पर ब्राह्मण को दक्षिणा देकर विदा किया गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार गुड़-चीनी से मिश्रित सात पुड़ों का भगवान को भोग लगाया गया और प्रसाद ग्रहण करने के बाद महिलाओं ने व्रत खोला।

संतान की लंबी उम्र के लिए रखा सप्तमी व्रत सिद्ध बालाजी धाम मंदिर गंजबाजार के पुजारी पं. दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि संतान सप्तमी का व्रत मुख्य रूप से बच्चों की सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना के लिए किया जाता है। इस दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। कई स्थानों पर महिलाएं घरों और मंदिरों में सामूहिक रूप से भी पूजा और कथा श्रवण करती हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाली महिलाएं भी यह व्रत करती हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि संतान सप्तमी की पूजा और व्रत से संतान से जुड़ी परेशानियां दूर होती हैं और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इसी आस्था के साथ महिलाओं ने दिनभर व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती से अपनी संतान के सुखी, स्वस्थ और

कोमल बाई के निधन से छाया शोक श्रद्धांजलि दी

बेगमगंज। स्वर्गीय गोविंद सिंह जाट की धर्मपत्नी, बलवान सिंह जाट की भाभी, पूर्व पार्षद प्रताप सिंह जाट एवं एलएसएस के पूर्व अध्यक्ष शेर सिंह जाट की माता तथा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मलखान सिंह जाट की चाची कोमल बाई का 104 साल की उम्र में निधन होने से क्षेत्र में शोक छा गया। शाम करीब 5 बजे उनकी अंतिम यात्रा निज निवास जाट भवन गढ़ोईपुर से निकाली जाकर जाट कृषि फार्म पर अंतिम संस्कार किया गया। विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों सहित राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।



जयकारों से गूंजा बाड़ी, धूमधाम से निकाली भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा

बाड़ी। नगर में शिल्पी समाज द्वारा निर्माण एवं सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दिनभर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह का शुभारंभ सुबह विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। समाजबंधुओं ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र के साथ निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाले औजारों का पूजन किया तथा परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, आरोग्य और खुशहाली की कामना की। दोपहर में नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे, ढोल-नगाड़ों और आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। युवा एवं श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरने के दौरान जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।



शोभायात्रा मुख्य मार्गों का भ्रमण करने के बाद पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां विधि-विधान से महाआरती की गई। इसके पश्चात विशाल महाप्रसादी का आयोजन हुआ। इसमें समाज के सैकड़ों महिला-पुरुषों एवं बच्चों ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजन में सहयोग करने वाले समाजबंधुओं एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया। पूरे आयोजन के दौरान नगर में धार्मिक एवं उत्सवमय वातावरण बना रहा।

राधा अष्टमी पर आस्था का उत्सव, निकालेंगे भव्य शोभायात्रा

बाड़ी। नगर में राधा अष्टमी पर्व पर श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर श्री राधा जन्मोत्सव समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम के तहत 19 सितंबर को दोपहर 3 बजे बालाजी मंदिर से राधारानी की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री राधा वल्लभ मंदिर पहुंचेगी। जहां आरती-पूजन के पश्चात भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। यादव युवा महासभा के जिला अध्यक्ष मुकुल यादव ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि राधारानी के जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। उन्होंने नगरवासियों से शोभायात्रा एवं धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को भव्य बनाने में सहयोग करने की अपील की।

सेहतगंज से स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026 का शुभारंभ

अब गांव की जमीन-मकान की रजिस्ट्री के लिए नहीं देना होगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

गांवों में आबादी भूमि पर सालों से रह रहे परिवारों को अब अपनी संपत्ति का मजबूत दस्तावेजी अधिकार मिलेगा। प्रदेश की डॉ मोहन सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार किए गए स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निःशुल्क पंजीयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रायसेन जिले की सेहतगंज ग्राम पंचायत से गुरुवार को ह्यस्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026ह्व का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत प्रदेश में करीब 50 लाख निजी ग्रामीण संपत्तियों के अधिकार अभिलेखों का निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू भैय्या मीणा, मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग की सचिव एवं अभियान की जिला प्रभारी अधिकारी शिल्पा गुप्ता, भोपाल संभागायुक्त करमवीर शर्मा और कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा एसडीएम मनीष शर्मा जनपद पंचायत सीईओ पूजा जैन मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बताया गया कि स्वामित्व योजना के तहत तैयार अधिकार अभिलेखों के पंजीयन के लिए हितग्राहियों से स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसका पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। विधायक डॉ. चौधरी ने कहा कि संपत्ति का पंजीकृत दस्तावेज ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक मजबूती का आधार बनेगा। इसके माध्यम से गृह निर्माण, कारोबार, कृषि और अन्य आर्थिक गतिविधियों के लिए ऋण प्राप्त करने में सुविधा होगी। इससे ग्रामीणों की आजीविका और आर्थिक स्थिति मजबूत होने की उम्मीद है।



गांव में ही होगी प्रक्रिया

योजना की खास बात यह है कि ग्रामीणों को पंजीयन के लिए बार-बार जिला मुख्यालय या शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शासन ने स्थानीय स्तर पर ही प्रक्रिया पूरी करने की व्यवस्था की है। ग्राम और पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। पटवारी को निष्पादन अधिकारी बनाया गया है, जबकि तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पीसीओ और एडीईओ को पंजीयन अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। आवेदन के लिए आबादी भूखंड की लैंड लिंकिंग और आवेदक की समग्र आईडी से ई-केवाईसी जरूरी होगी।

एक माह में अभियान पूरा करने का लक्ष्य

संभागायुक्त करमवीर शर्मा, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने बताया कि प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए पंचायत और ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी अभियान की नियमित मॉनिटरिंग और मैदानी समीक्षा करेंगे। पूरे अभियान को एक माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना से जुड़ी जानकारी और समस्या के समाधान के लिए स्टेट लेवल डेडिकेटेड हेल्पडेस्क की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

आर्थिक अवसरों का रास्ता

स्वामित्व अधिकार अभिलेख का पंजीयन केवल रजिस्ट्री तक सीमित नहीं रहेगा। ग्रामीणों को अपनी संपत्ति का मजबूत दस्तावेज मिलने से उसे आर्थिक गतिविधियों में उपयोग करने का रास्ता खुलेगा। सरकार का दावा है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन, आजीविका संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मध्यप्रदेश सरकार के अनुसार स्वामित्व योजना के तहत तैयार अधिकार अभिलेखों के निःशुल्क पंजीयन का निर्णय लेने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।